Seat no.________ No. of pages : 02

[14]

SARADAR PATEL UNIVERSITY, VIDHYANAGAR

Semester – III, SYBA (External) EXAMINATION 2019-20

(CBSC)

Sub. = आधुनिक हिंदी कथा साहित्य (निर्मला)

Code no. UAO3CHIN22

Date: 29/11 / 19 Total Marks : 70

Time : 10:00 AM to 01:00 PM

प्रश्न – १ सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिये : किन्हीं तीन (१५)

(१) पर यह कौन जानता था कि यह सारी लीला भगवान के हाथों रची जा रही है| जीवन रंगशाला का वह निर्दयी सूत्रधार किसी गुमनाम जगह पर बैठा हुआ अपना जटिल क्रूर खेल दिखा रहा है| यह कौन जानता था कि नकल असल होने जा रही है, नाटक सच्चाई का रूप लेने वाला है|

(२) धन सारे ऐबों को छिपा देगा| मुझे वह गलियां भी सुनाये, तो भी चूं न करूंगा| दुधारू गाय की लात किसे बुरी मालूम होती है?

(३) आजकल जो यह महारानी इतनी खुश दिखाई देती है, इसका रहस्य अब समझ में आया| पहले कभी कमरा इतना सजा-सजाया न रहता था, बनाव-शृंगार भी न करती थीं, पर अब देखता हूँ, कायापलट-सी हो गयी है|

(४) पैंतीस साल का आदमी बूढ़ा नहीं कहलाता | अगर लडकी के भाग्य में सुख भोगना है जहाँ जायेगी सुखी रहेगी| दुःख भोगना है तो जहाँ जायेगी दुःख झेलेगी|

प्रश्न -२ हिंदी उपन्यास साहित्य के उद्भव और विकास को बताते हुए उसमें प्रेमचन्द जी का स्थान निर्धारित कीजिये | (२०)

अथवा

टिप्पणी लिखिये : (क) 'निर्मला ' उपन्यास में निरुपित समस्या

(ख)'निर्मला' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता

प्रश्न – ३ 'निर्मला' उपन्यास के बीज रूप निर्मला के नौका विषयक स्वप्न दर्शन को ध्यान में रखकर प्रेमचन्द जी की उपन्यास-कला को उद्घाटित कीजिये | (२०)

अथवा

टिप्पणी लिखिये : (क) कृष्णा का चरित्र

(ख)मुंशी तोताराम का चरित्र

प्रश्न – ४ निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिये :( किन्हीं पन्द्रह) (१५)

(१) निर्मला का विवाह हुआ तब उसकी उम्र कितने वर्ष थी?

(२) निर्मला की माता का नाम क्या है?

(३) निर्मला के विवाह की बात कौन लेकर आता है?

(४) कल्याणी के पत्र को पढकर रंगीलीबाई भालचंद्र से क्या कहती है?

(५) रुक्मिणी कौन है?

(६) मुंशीजी निर्मला के रहन-सहन में आये हुए बदलाव को किस नजर से देखते हैं?

(७) मुंशी तोताराम के लडकों के नाम बताइए|

(८) बाबु उदयभानु की हत्या कौन करता है और क्यों?

(९) निर्मला का विवाह प्रथम किससे निश्चित हुआ था?

(१०) निर्मला से विवाह के समय तोताराम की उम्र क्या थी?

(११) मंसाराम पिता के बुलाने पर भी घर क्यों नहीं आया?

(१२) मुंशीजी अपने बेटे मंसाराम को बचाने के लिए डोक्टर के सामने क्यों गिडगिडाने लगे?

(१३) मुंशीजी निर्मला से मंसाराम के सम्बन्ध में चर्चा करने से क्यों शरमाते हैं?

(१४) सुधा के घर जाने से निर्मला गहने पहन कर जाने से क्यों शरमाती है?

(१५) सुधा के साथ बात करते समय अपनी बहन के विवाह को लेकर निर्मला क्यों परेशान होती है?

(१६) सुधा अपने पति से क्यों उलझ जाती है?

समाप्त

—X—